कार्यालयः नियोजन अनुभाग,
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ।

दिनांकः 31-01-2024

पत्रांकः 2290/ए०पी०ए/24

**अधिशासी अभियन्ता, जोन–7**

कृपया सेक्टर–एच, बसंतकुंज योजना के पूर्व नियोजित ई0डब्लू0एस0 भूखण्डों/भवनों के स्थान पर एल0आई0जी0 श्रेणी के भूखण्डों के नियोजन के साथ–साथ उक्त पाकेट में एस0पी0एस0 हेतु चिन्हित स्थल के अनुसार संशोधित पार्ट ले–आउट प्लान का अनुमोदन उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 30.01.2024 को प्रदान कर दिया गया है। अनुमोदित रिवाईज्ड पार्ट ले–आउट प्लान की प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु एतद् पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित है।

**संलग्नकः उपरोक्तानुसार।**

Singh

आर्च कम प्लानिंग असिस्टेन्ट

**प्रतिलिपिः–**

1. उपाध्यक्ष महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. सचिव महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
3. मुख्य नगर नियोजक महोदय को सूचनार्थ।
4. प्रभारी अधिकारी–(व्यवसायिक) बसन्त कुंज योजना को अनुमोदित रिवाईज्ड पार्ट ले–आउट प्लान की एक प्रति के साथ आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. प्रभारी अधिकारी–(सम्पत्ति) बसन्त कुंज योजना को अनुमोदित रिवाईज्ड पार्ट ले–आउट प्लान की एक प्रति के साथ आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. श्री सुरेश कुमार, ब्लू–प्रिटर को मूल रिवाईज्ड पार्ट ले–आउट प्लान की प्रति को रिकार्ड में रखने हेतु।

1934/AA7/93
01/02/24

आर्च कम प्लानिंग असिस्टेन्ट

AE

1/2/24
EE-7

एप0ए0/AE/CTP महोदय

कृपया सेक्टर–एच, बसंतकुंज योजना के पूर्व नियोजित ई0डब्लू0एस0 भूखण्डों/भवनों के स्थान पर एल0आई0जी0 श्रेणी के भूखण्डों के नियोजन हेतु तलपट मानचित्र संशोधन के सम्बन्ध में प्रस्ताव लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 180वीं बैठक दिनांक 27.12.2023 के मद संख्या–180/7 के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया, प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिया निर्णय निम्नवत् है–

''बसंतकुंज योजना के सेक्टर–एच में पूर्व नियोजित ई०डब्लू०एस० भूखण्डों/भवनों के स्थान पर एलआईजी श्रेणी के भूखण्डों के नियोजन हेतु तलपट मानचित्र संशोधन के सम्बन्ध में बोर्ड को अवगत कराया गया कि बसंतकुज योजना में ई0डब्लू०एस० श्रेणी के न्यूनतम आवश्यक भवनों से अधिक भवन/फ्लैट निर्मित होने के दृष्टिगत प्रश्नगत स्थल पर पूर्व नियोजित ई०डब्लू०एस० भूखण्डों/भवनों के स्थान पर एल०आई०जी० श्रेणी मानक आकार 6.00 मी X 10.00 मी० एवं क्षेत्रफल 60.00 वर्गमी० के भूखण्ड नियोजित किया जाना प्रस्तावित है। तदक्रम में प्रस्तावित स्थल पर 30.00 मी० चौडे सेक्टर मार्ग के सम्मुख 10 मी0 X 25 मी0 क्षेत्रफल के 08 व्यवसायिक भूखण्डों को नियोजन करते हुए शेष भूमि पर एल०आई०जी० श्रेणी के भूखण्डों का नियोजन करते हुए संशोधित तलपट मानचित्र तैयार किया गया है।

तत्क्रम में सर्वसम्मति से बसंतकुंज योजना के सेक्टर–एच में पूर्व नियोजित ई०डब्लू०एस० भूखण्डों/भवनों के स्थान पर एल०आई०जी० श्रेणी के भूखण्डों के नियोजन हेतु तलपट मानचित्र में संशोधन विषयक प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।''

तदक्रम में अवगत कराना है कि प्रस्तावित तलपट मानचित्र के सापेक्ष जन सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाने के सम्बन्ध में जन समान्य से आपत्ति एवं सुझाव के आमंत्रण हेतु सूचना का प्रकाशन दो दैनिक समाचार पत्र में सूचना का प्रकाशन कराया गया था। उक्त के क्रम मे पूर्व पृष्ठ सं0–17 पर अंकित आख्यानुसार उपरोक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नही हुए है।

बोर्ड निर्णय के अनुपालन में बसन्तकुन्ज, हरदोई रोड योजना सेक्टर–एच के रिवाईज्ड पार्ट ले–आउट प्लान तैयार किया गया। प्रश्नगत रिवाईज्ड पार्ट ले–आउट प्लान के स्थलीय सत्यापन एव हस्ताक्षर हेतु पत्रावली अभियन्त्रण खण्ड जोन–7 को प्रेषित की गयी। गत पृष्ठ पर अभियन्त्रण खण्ड की आख्या दिनांक 24.01.2024 के अनुसार बसन्तकुंज योजना के सेक्टर–एच में नव सृजित भूखण्डों पार्ट–ए, बी एवं सी का स्थल निरीक्षण किया गया, जिसमें पार्ट बी एंव सी लो लैण्ड में स्थित है, जिसके सीवर निस्तारण हेतु एस0पी0एस0 का निर्माण कराया जाना आवश्यक है। एस0पी0एस0 के निर्माण हेतु पार्ट–सी में स्थल को चिन्हित किया गया है। तदक्रम में एस0पी0एस0 हेतु चिन्हित स्थल के अनुसार पुनः रिवाईज्ड पार्ट ले–आउट प्लान तैयार किया गया। उक्त का स्थलानुसार परीक्षण/सत्यापन हेतु पत्रावली अभियन्त्रण खण्ड–जोन–7 को पत्रावली प्रेषित की गयी, तदानुसार अभियन्त्रण खण्ड द्वारा रिवाईज्ड पार्ट ले–आउट प्लान का स्थलानुसार सत्यापन/हस्ताक्षर कर उपलब्ध कराया गया है।

अतः उक्त रिवाईज्ड पार्ट ले–आउट प्लान के अनुमोदन हेतु पत्रावली अग्रसारित करने का कष्ट करे।

29/01/2024 TA(CP) — 29.01.24 APA — 29/01/2024 AE (Map)

3731/CTP 30-1-24

सचिव/उपाध्यक्ष महो०

29/01/2024 CTP — 30.01.24

(पवन कुमार गंगवार)
सचिव

लखनऊ विकास प्राधिकरण